हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 38 .4 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

11 नालियों की सफाई हुई बंद, दिनभर सड़क ...



12 गर्भवतियों का 100 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करें सुनिश्चित



## खबर संक्षेप

### मदविः परीक्षा का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मार्च 2025 में आयोजित पीजी डिप्लोमा इन जेनेटिक्स काउंसलिंग के प्रथम समेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-1 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सीआईए-1 स्टाफ की टीम जेएनएल नहर झज्जर रोड के पास गश्त में मौजूद थी। गश्त के दौरान जेएनएल नहर पटरी के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान रमन उर्फ बबलु निवासी सोनीपत हाल कमला नगर के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### दो युवकों को शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गश्त के दौरान अलग-2 स्थानों से दो युवकों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज करके कार्रवाई की गई है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि मोहित निवासी हाल किरायेदार न्यू विजय नगर को अवैध शराब सहित काबू किया गया। युवक से 31 बोतल शराब, 7 अध्धे व 32 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। वहीं, लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही संदीप के नेतृत्व में चांदी खरैंटी रोड से युवक को अवैध शराब सहित काबू किया गया। युवक की पहचान अमित निवासी चांदी के रुप में हुई। युवक से 6 बोतल शराब, 6 अध्धे व 36 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

### जुआ खेलते हुए 6 युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

**रोहतक।** पुलिस ने छापेमारी करते हुए 6 युवकों को ताश के पत्तों के साथ जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 3, हरियाणा सार्वजनिक जुआ रोकथाम अधिनियम 2025 के तहत अभियोग अंकित कर कार्यवाही की गई है। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी राकेश सैनी ने बताया कि पुलिस टीम ने ताश के पत्तों पर रकम दांव पर लगाकर जुआ खेल रहे 6 युवकों को काबू किया। युवकों की पहचान जयबीर, निवासी गांव बालंद, नवीन निवासी रामनगर रोहतक, राजु निवासी सुनारिया कलां, जयकुमार निवासी रामनगर कॉलोनी, अजय निवासी मोहर नगर व सोनू निवासी गांव ककराणा के रूप में हुई। युवकों के पास से सट्टे में दांव पर लगे 42940 रुपये बरामद हुए है।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** सीआईए-2 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-2 सतीश कुमार ने बताया कि सीआईए-2 स्टाफ की टीम इस्माइला नजदीक रेलवे लाइन के पास गश्त में मौजूद थी। गश्त के दौरान गांव इस्माइला से गिझी रोड मोड़ नजदीक रेलवे लाइन के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सोमबीर उर्फ बहादुर निवासी भगवतीपुर के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

---

### हरिभूमि ने शहर के कई इलाकों का किया दौरा, 200 स्ट्रीट लाइटों में से 150 पर पैनल बॉक्स ही नहीं

*हिसार रोड पर करंट लगने से एक युवक की जान चली गई थी*

# डिवाइडरों के बीच लगे स्ट्रीट लाइट के पोल में खुली व लटकती तार हादसों को दे रही न्योता

हरिभूमि विशेष

जाट भवन के निकट



दिल्ली रोड



शीला बाइपास के निकट



नीरज वर्मा ▶▶| रोहतक

■ शीला बाईपास से दिल्ली बाईपास के बीच करीब 78 पोल में से 69 पर पैनल बॉक्स ही नहीं

पिछले दिनों हिसार रोड पर करंट लगने से एक युवक की जान चली गई थी। ऐसा नहीं है कि शहर के अन्य इलाकों में यह खतरा नहीं है। बल्कि, शहर के सबसे व्यस्ततम मार्गों के डिवाइडरों के बीच लगे स्ट्रीट लाइट के पोलों में खुली व लटकती तारें हादसों को न्योता दे रही हैं। बारिश के दिनों में तो खतरा और भी बढ़ गया है। हर दिन हजारों लोग डिवाइडरों से सड़क पार करते हैं, वहीं पर सिर के ऊपर 'मौत' मंडरा रही है। लेकिन, अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। जैसे किसी बड़े हादसा का इंतजार हो। हरिभूमि ने शहर में बढ़ रहे ऐसे हादसों के बाद शहर के कई इलाकों का दौरा किया तो 200 स्ट्रीट लाइटों में से 150 पर पैनल बॉक्स ही नहीं मिले। जहां मिले, वे भी खस्ता हाल। किसी का ढक्कन गायब है तो किसी के नट। शीला बाईपास से दिल्ली बाईपास के बीच करीब 78 पोल में से 69 पर पैनल बॉक्स ही नहीं हैं। इस कारण तार खुले में लटके हैं। कुछ यही हाल दूसरे इलाकों का भी मिला।

#### हर पोल बना खतरा

वाल्मीकि चौक का हर पोल लोगों की जान को खतरा है। यहां लगभग हर पोल पर नंगी तारें लटकी हैं। यहां ज्यादातर जगह बॉक्स ही नहीं हैं। इनमें तारों को टेप लगाने के बाद सुरक्षित रखा जा सकता है। हिसार बाईपास के अलावा, शीला बाईपास से सोनीपत रोड पुलिस नाका, सुखपुरा चौक, डबल फाटक पुल, दिल्ली रोड से पावर हाउस चौक, सेक्टर एक की पुलिया समेत कई इलाकों में तारें खुली पड़ी हैं।

#### अभी तक पशु की मौत, आगे हो सकता है बड़ा हादसा

शहर में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हुई है, इनकी केबल जगह-जगह से कटी हुई हैं। रखरखाव नहीं होने से यह लापरवाही लोगों व बेजुबानों के लिए खतरनाक साबित हो रही हैं। बारिश के मौसम में खंभे से करंट लगने के कारण कुछ दिन पहले दो बेसहारा पशुओं की मौत हो चुकी है। वहीं अब नमी के कारण फिर से करंट का भय बना हुआ है और इसका शिकार इंसान भी हो सकता है।

#### मरम्मत कर नहीं लगाते ढक्कन

शहर में स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य नगर निगम ही करवाता है। नप की तरफ से जब भी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत होती है खंभों के ढ़क्कन वापस नहीं लगाए जाते। शहर में 80 प्रतिशत खंभों के ढ़क्कन गायब हैं। इन हालातों में खंभों के अंदर से कटी हुई केबल बाहर आ जाती हैं, जिनसे करंट का खतरा ज्यादा बना रहता है।


#### समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा

अगर इस तरह की कोई समस्या बनी हुई है तो उसका समाधान करवा दिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को इसके बारे में सूचित भी किया जाएगा और उनसे रिपोर्ट भी मांगी जाएगी। इस तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समस्या का समाधान करवा दिया जाएगा।
-**आनंद शर्मा**, आयुक्त, नगर निगम

#### बारिश में खतरा ज्यादा

फिलहाल बारिश का मौसम होने के कारण खंभे गीले हो जाते हैं और इनकी कटी हुई केबल से करंट आने का पूरा खतरा रहता है। ऐसे में स्ट्रीट लाइटों के ढ़क्कन नहीं लगाए गए तो हादसा देखने को मिल सकता है।

मस्तनाथ के पास



---

*पीजीआईएमएस की पैथोलॉजी विभाग में कार्यरत*

## एसोसिएट प्रो. डॉ. रिचा पवार को मेडी आइकन अवार्ड 2025 से नवाजा गया

■ कैंसर स्क्रीनिंग में पैप स्मीयर टेस्ट की महत्ता पर महिलाओं के बीच जागरूकता बढ़ाने और सोनीपत में लड़कियों को मासिक धर्म हाइजीन पर जागरूकता प्रदान करने के लिए दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रिचा पवार को बधाई देते निदेशक डॉ. एसके सिंघल । फोटोः हरिभूमि

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पैथोलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रिचा पवार को गत माह पूणे में हुए मेडि क्वीन भारत इंटरनेशनल इवेंट 2025 में नारी शक्ति सम्मान अवार्ड और मेडी आइकन अवार्ड 2025 से नवाजा गया है। डॉ. रिचा की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने बधाई दी। डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि डॉ. रिचा ने यह अवार्ड प्राप्त करके संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने महिला एनजीओ के साथ कार्य करके अपनी अलग पहचान बनाई है। डॉ. सिंघल ने कहा कि डॉ. रिचा महिला सशक्तिकरण के लिए एक उदाहरण हैं जो महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति अलख जगा रही हैं। डॉ. सिंघल ने कहा कि अन्य महिलाओं को भी इससे प्रेरणा लेते हुए समाज की सेवा करनी चाहिए।
डॉ. रिचा ने बताया कि जून माह के आखिरी सप्ताह में मेडि क्वीन भारत इंटरनेशनल द्वारा पुणे में यह इवेंट आयोजित किया गया था। जिसमे उन्हें महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर द्वारा नारी शक्ति सम्मान अवार्ड और मेडी आइकन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि वें इस संस्था से वे दो सालों से जुड़ी हुई हैं। एचपीवी ड्राइव के अंतर्गत चलाए गए जागरूकता अभियान, कैंसर स्क्रीनिंग में पैप स्मीयर टेस्ट की महत्वता पर महिलाओं के बीच जागरूकता बढ़ाने और सोनीपत क्षेत्र में लड़कियों को मासिक धर्म हाइजीन पर जागरूकता प्रदान करने के लिए दिया गया है। बायोकेमेस्ट्री विभाग से डॉ. मंजूलता और मेवात मेडिकल कॉलेज से डॉ. प्रियंका रोहिल्ला अभी जुड़ी हैं।

## एमडीयू के डिसेबिलिटी स्टडीज सेंटर में एडमिशन जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज में सत्र 2025-26 में डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन साइन लैंग्वेज और डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया जारी है। इच्छुक छात्र 12 जुलाई तक रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया (आरसीआई) की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय एमडीयू को प्रथम चॉइस सेंटर के रूप में चयनित करना जरूरी है। सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज की निदेशिका प्रो. प्रतिमा रंगा ने बताया कि डिप्लोमा इन टीचिंग इंडियन साइन लैंग्वेज और डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटेशन पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, क्योंकि इंडियन साइन लैंग्वेज विशेषज्ञों की देशभर में भारी मांग है। यह कोर्स न केवल दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में सहायक है, बल्कि रोजगार के नए द्वार भी खोलता है। इन टीचिंग इंडियन साइन लैंग्वेज पाठ्यक्रम में 20 सीटें निर्धारित है।

*रोहतक की कार्यकारिणी की बैठक कर्मचारी भवन, सुखपुरा चौक में आयोजित*

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने उठाई आवाज 9 व 15 जुलाई को करेंगे जोरदार प्रदर्शन

■ सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए आगामी दिनों में संघर्ष की घोषणा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। वीरवार को जिला रोहतक की कार्यकारिणी की बैठक कर्मचारी भवन, सुखपुरा चौक में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला प्रधान जगपाल सांगवान ने की, जबकि मंच संचालन सचिव ओमप्रकाश कादियान ने किया। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए आगामी दिनों में निर्णायक संघर्ष की घोषणा की। जगपाल सांगवान ने बताया कि 22 मई को हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में संगठन की सभी मांगों को जायज माना गया था, लेकिन अब तक उस बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछले 11 वर्षों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की एक भी प्रमुख मांग को पूरा नहीं कर पाई है, जिससे रिटायर्ड कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। सांगवान ने केंद्र सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए बताया कि हाल ही में संसद में पारित वित्त विधेयक में 8वें वेतन आयोग से मिलने वाले लाभों से रिटायर्ड कर्मचारियों को वंचित कर दिया गया है। साथ ही, कुछ मौजूदा लाभों को समाप्त किए जाने की भी संभावना जताई जा रही है, जो बेहद निंदनीय है। रिटायर्ड कर्मचारी 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी ट्रेड यूनियनों व कर्मचारी संगठनों की हड़ताल में सक्रिय भागीदारी करेंगे। इसके अतिरिक्त 15 जुलाई को राज्य सरकारी पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर डीसी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

---

**जांच-पड़ताल**

### उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने ई-दिशा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

*काउंटरों पर तैनात कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश*

## नागरिकों तक टोकन संख्या की जानकारी देने के उद्देश्य से लगाई गई स्क्रीन को तुरंत चालू करवाएं

■ केंद्रों में विभिन्न विभागों की सेवाओं का अविलंब लाभ देना सुनिश्चित किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





**रोहतक।** ई-दिशा केंद्रों का निरीक्षण करते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। फोटोः हरिभूमि

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए स्थापित किए गए ई-दिशा केंद्रों का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ई-दिशा केंद्रों के काउंटरों पर तैनात कर्मचारियों से विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को ई-दिशा केंद्रों में विभिन्न विभागों की सेवाओं का अविलंब लाभ देना सुनिश्चित किया जाए।
धर्मेंद्र सिंह ई-दिशा केंद्रों का निरीक्षण करने के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को फोन के माध्यम से निर्देश दिए कि वे नागरिकों तक टोकन संख्या की जानकारी देने के उद्देश्य से लगाई गई स्क्रीन को तुरंत चालू करवाए ताकि ई-दिशा केंद्रों में विभिन्न कार्यों से आने वाले नागरिकों को अपनी बारी का स्क्रीन के माध्यम से पता चलता रहे और नागरिक अपने टोकन के हिसाब से भी संबंधित काउंटर पर पहुंचकर अपना कार्य करवाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सेवाओं व योजनाओं का लाभ प्रदान करने में पारदर्शिता के उद्देश्य से ऑनलाइन सेवाएं दी जा रही है।
उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने इसके उपरांत जन्म व मृत्यु के रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया तथा मौके पर एक नागरिक को आवश्यक सुविधा शीघ्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी से भी विभिन्न पेंशन विषयों के बारे में बातचीत की तथा आवश्यक हिदायतें दी।



**रोहतक।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करते मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग। फोटोः हरिभूमि

## चीनी मिल भाली आनंदपुर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण

रोहतक। हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड रोहतक में बृहस्पतिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण की शुरुआत की गई। मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग ने बताया कि वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा हैं तथा इस कैलेंडर वर्ष के दौरान सभी सहकारी संस्थानों में विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। इसी के तहत जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में विशेष पौधरोपण अभियान चलाया गया है। मिल के कर्मचारियों द्वारा 100 पेड़ लगाएं गए। श्वेता सुहाग ने बताया कि मिल परिसर में शीशम, आम, जामुन, बड़, पीपल, आंवला, गुलमोहर, अमरूद, गुलर, मिलखन व नीम आदि विभिन्न छायादार व फलदार पेड़-पौधे लगाए गए। मिल परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पेड़-पौधे हर वर्ष लगाए जाते हैं तथा इसमें वन विभाग का भी विशेष सहयोग मिलता है। उन्होंने बताया कि मिल परिसर में इस मानसून सत्र के दौरान 1000 पेड़-पौधे वन विभाग द्वारा लगाए जाएंगे। प्रबंध निदेशक ने बताया कि 5 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल, रोहतक के सौजन्य से मिल परिसर में रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा।

## खबर संक्षेप



झज्जर। हल्की बारिश के बीच गुजरते हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि

### दिनभर धूप ने किया परेशान शाम को बरसे बदरा

**झज्जर।** बरसात के बाद निकलने वाली तेज धूप लोगों को जीना मुहाल कर रही है। वीरवार को दिन की शुरुआत तेज धूप के साथ हुई। दिन में अधिकांश समय सूर्य के तेवर तल्ख दिखाई दिए। बीच में एक बार आसमान पर छाए बादलों के कारण लोगों को राहत मिलने की उम्मीद बंधी लेकिन फिर से निकली धूप जीना मुहाल कर दिया। इसके बाद शाम सात बजे आसमान में छाये बादल मेहरबान हुए। थोड़ी देर के लिए आई बारिश से मौसम खुशगवार बना लेकिन गुम हुई हवा के चलते लोग फिर गर्मी से बेहाल हो गए। दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार आसमान पर मौजूद हल्के बादलों की वजह से वातावरण में आर्द्रता बढ़ गई है। आर्द्रता की वजह से ही उमस का अहसास हो रहा है।

### दिनभर बदलता रहा मौसम

**बहादुरगढ़।** वीरवार को इलाके में मौसम बार-बार बदलता रहा। कभी तेज धूप खिलती तो कभी आसमान में बादल छा जाते। दिनभर में कई बार हल्की बूंदाबांदी भी हुई। दरअसल, बीते कुछ दिनों से रोजाना आसमान में बादल छा रहे हैं। रोजाना तेज बरसात की उम्मीद होती हैं लेकिन कुछ बूंदें गिरकर रह जाती हैं। बेशक तापमान कम है लेकिन वातावरण में उमस बढ़ी हुई है। इस वजह से लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। वीरवार को दिनभर मौसम परिवर्तनशील रहा। कभी धूप तो कभी बूंदाबांदी हुई। आगामी कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार हैं।

### पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा शव

**झज्जर।** गांव भदानी में मंगलवार की रात टेंट की दुकान पर काम करने वाले श्रमिक द्वारा फांसी लगाए जाने के मामले में वीरवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जांच अधिकारी सुनील नैन ने बताया कि मृतक के पिता रमेश के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। बता दें कि भदानी गांव में टेंट की दुकान में कार्यरत यूपी के बांदा जिला के गौरीकलां निवासी सुनील कुमार ने फांसी लगा कर आत्महत्या ली थी। सुनील पिछले करीब सात-आठ वर्षों से टेंट हाउस पर पर रहता था।

### प्रवासी खेत मजदूर ने फंदा लगाकर दी जान

**झज्जर।** शहर के कच्चा सुर्खपुर मार्ग पर खेतों में एक प्रवासी युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान यूपी के बांदा जिले के रक्सा गांव निवासी धर्मपाल पुत्र बड़काय के तौर पर हुई है। धर्मपाल तीन-चार दिन पहले ही यहां काम करने वाले अपने चाचा के पास आया था। वह खेत मजदूर था। उसने एक-दो दिन यहां खेतों में काम भी किया। उसका शव सुर्खपुर मार्ग पर एक पेड़ पर लटका मिला।

# महम लघु सचिवालय में खुलेगा रेडक्रॉस समिति का कार्यालय : मुकुंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम उपमंडल के लोगों को अब रेडक्रॉस की सुविधाओं के लिए रोहतक नहीं जाना पड़ेगा। रेडक्रॉस द्वारा प्रदान की जा रही सेवाएं अब महम में ही मिलेंगी। एसडीएम मुकुंद ने वीरवार को एक कैंप के शुभारंभ अवसर पर यह जानकारी दी।

जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह की पत्नी सुमनबाला ने महम नगर पालिका में लगाए गए एक कैंप का शुभारंभ किया। हॉस्पिटल वेलफेयर सेक्शन की चेयरपर्सन एवं जिला उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह की पत्नी सुमन बाला ने कहा कि यदि हमें समाज की मुख्यधारा से जुड़ना है तो इसके लिए दिव्यांगों की सेवा और बुजुर्गों की सेवा पहली कड़ी हो सकती है।



**महम।** कैंप के दौरान लोगों की जांच करते कमेटी सदस्य और कैंप का निरीक्षण करते हुए जिला उपायुक्त की पत्नी सुमनबाला, एसडीएम मुकुंद व अन्य।

सुमन बाला जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नगरपालिका कार्यालय महम में एलिम्को कंपनी के सहयोग से आयोजित जांच शिविर में बतौर मुख्यातिथि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि चलने-फिरने में असमर्थ वरिष्ठजन व दिव्यांगों की जिंदगी को सुगम बनाने की दिशा में जिला रेडक्रॉस सोसायटी निरंतर कार्य कर रही है। यह कैंप भारत सरकार की एलिम्को कंपनी द्वारा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा गांव स्तर पर सेवाएं उपलब्ध करवाना सराहनीय है, जिसका लाभ प्रत्येक गांव में जरूरतमंद व्यक्तियों को दिलवाया जाएगा। जांच शिविर के दौरान महम के विभिन्न गांवों के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों का पंजीकरण किया गया। यह पंजीकरण बैटरी वाली रिक्शा, व्हील चेयर, हाथ वाली रिक्शा, कानों की मशीन, घुटनों की कमर की बेल्ट के साथ-साथ आंखों के चश्मे के लिए किया गया है।

कार्यक्रम में हॉस्पिटल वेलफेयर सेक्शन की चेयरपर्सन सुमन बाला ने कहा कि जिले में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सामाजिक कार्यकर्ताओं और लाइफ मेंबरों के सहयोग से गांव स्तर पर और उप मंडल स्तर पर दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक जन के लिए जो सेवा शुरू की गई है वह तारीफ के काबिल है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए की महम उपमंडल के सभी गांव को हम कवर करेंगे और जो सहायता जिला प्रशासन, जिला एवं रेड क्रॉस समिति के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिक जन को दी जा सकती है। ये सभी उपकरण गांव स्तर पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने कैंप का भ्रमण भी किया और दिव्यांगजन को दी जाने वाली सेवा के बारे में भी दिशा-निर्देश दिए और कहा कि जिला प्रशासन के माध्यम से एक पत्र एलिमको भारत सरकार को भेजा जाए जिससे कि 60 प्रतिशत से अधिक के जो दिव्यांग हैं उन्हें भी बैटरी वाली रिक्शा व उपकरण मिल सके। इस अवसर पर मुख्यअतिथि द्वारा विभिन्न कार्यों में सेवा देने वाले वालंटियर को प्रशंसा पत्र देकर भी सम्मानित किया गया।

**खास बातें**

- महम उपमंडल के नागरिकों को मिलेंगी सुविधाएं, जिला उपायुक्त ने दिया तोहफा
- डीसी धर्मेंद्र सिंह की पत्नी सुमनबाला ने महम में किया कैंप का शुभारंभ

**महम उपमंडल के लोगों को ये सुविधाएं मिलेंगी**

उपमंडल अधिकारी (नागरिक) मुकुंद ने बताया उप मंडल स्तर पर लघु सचिवालय में जल्द ही रेड क्रॉस समिति का कार्यालय शुरू किया जाएगा जिससे की रेड क्रॉस समिति द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का लाभ महम उपमंडल के लोगों को भी मिल सके, जिसमें विशेष रूप से दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक जन और दूर दराज से फस्ट एड होम नर्सिंग की ट्रेनिंग करने वाले युवाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक क्लस्टर बनाकर विभिन्न गांव में नेत्र जांच शिविर, चश्मा वितरण, दिव्यांग जांच शिविर और वरिष्ठ नागरिक जन के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## अस्थल बोहर कॉलोनी में मुख्य मांर्ग पर बहता पानी बना परेशानी

# नालियों की सफाई हुई बंद, दिनभर सड़कों पर बह रहा है गंदा पानी

**मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के सामने से गुजरने वाले हजारों वाहन उड़ा रहे लोगों के ऊपर गंदे पाने के छींटे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बरसात के मौसम में जिला प्रशासन नया रिकार्ड बनाने जा रहा है। अब नालियों की सफाई बंद होगी और उनका गंदा पानी दिनभर सड़कों पर बहेगा। जिला प्रशासन का यह नायाब प्रयोग पिछले कई दिनों से दिल्ली बाइपास पर बनी अस्थल बोहर कालोनी में सफलतापूर्वक चल रहा है। मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के सामने से गुजरने वाले हजारों वाहन रोज दिल्ली बाइपास पर नालियों के दूषित पानी के छींटे उड़ाते हुए गुजर रहे हैं जिससे कॉलोनी के लोग परेशान हैं।





**रोहतक।** अस्थल बोहर कालोनी में बाबा मस्तनाथ विवि के सामने सड़क पर बहता नाले का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

अस्थल बोहर कालोनी के लोगों का आरोप है कि यहां नालियां हमेशा भरी रहती हैं। कालोनी का नाला कूड़े से जाम हो चुका है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। महीने में एकाध बार सफाईकर्मी नाली साफ करने आते हैं। बरसात के दिनों में यहां हालत इतनी खराब हो जाती है कि डीसी साहब को भी उल्टी आ जाए। कालोनी की गली नंबर चार की नालियों का दूषित पानी कई दिनों से दिल्ली बाइपास पर बह रहा है मगर कोई सुध लेने वाला नहीं है। गंदे पानी के जमा होने से गली में घुसना मुश्किल हो जाता है, सड़क पर चलने से डर लगता है क्योंकि दिल्ली से रोहतक आने वाले वाहन नाली का पानी उछालते हुए शहर में दाखिल होते हैं। अस्थल बोहर कालोनी के लोगों का आरोप हैं कि जिला प्रशासन जानबूझकर इस कालोनी की उपेक्षा करता है क्योंकि यहां पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के समर्थक ज्यादा हैं। साफ सफाई हो या बिजली, यहां के लोग हमेशा दुखी रहते हैं। इस कालोनी में सबसे अधिक बिजली के कट भी लगते हैं। जरा सा मौसम खराब होते ही यहां घंटों बिजली गुल हो जाती है। इस कालोनी के सामने से गुजरने वाली रोड हमेशा टूटी हुई रहती है। दिल्ली और रोहतक शहर को जोड़ने वाली यह सड़क पिछले कई सालों से बदतर हालत में है। कालोनी के लोगों का आरोप है कि यहां आजतक जिला प्रशासन का कोई अधिकारी नहीं आया। वार्ड के पार्षद को भी लोगों की तकलीफ से कोई लेना देना नहीं है।




**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते रोटरी क्लब रोहतक के प्रधान पद डॉ. एसएल वर्मा। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. एसएल वर्मा बने रोटरी क्लब के नए प्रधान, संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोटरी क्लब रोहतक की नई कार्यकारिणी का कार्यभार ग्रहण समारोह कल शाम दिल्ली रोड स्थित एक निजी होटल में बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर रोटरी वर्ष 2025-26 की पहली क्लब असेंबली और पारिवारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. एसएल वर्मा ने रोटरी क्लब रोहतक के प्रधान पद की जिम्मेदारी संभाली। उनके साथ डॉ. सुनील मुंजाल ने सचिव पद का कार्यभार ग्रहण किया।

इस आयोजन में शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति और एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रोटरी मंडल 3011 के मंडल सचिव रो. संजीव वधवा और क्लब के वरिष्ठ सदस्य रो. राज शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। क्लब के मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने जानकारी दी कि समारोह में रोटरी परिवार के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यभार ग्रहण करते हुए डॉ. एस एल वर्मा ने मंच से सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया और क्लब को सामाजिक सरोकारों में और अधिक सक्रिय बनाने का संकल्प लिया। सचिव डॉ. सुनील मुंजाल ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि क्लब निदेशक डॉ. आर. के. चौधरी ने कार्यकारिणी सदस्यों को बारी-बारी से बुलाकर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों से पिन लगवाकर उनका अभिनंदन कराया। इस अवसर पर क्लब के सह-सचिव रोबिन सचदेवा ने आने वाले वर्ष में क्लब द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों की जानकारी दी। वरिष्ठ सदस्य रो. राज शर्मा ने क्लब के 65 वर्षों के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए सभी सदस्यों से समाज कल्याण की गतिविधियों को और अधिक सशक्त करने का आह्वान किया।

## जाट शिक्षण संस्था प्रबंधन के कामकाज पर उठाए सवाल: चंचल नांदल बोले-संस्था में चल रही धांधली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा शिक्षण संस्थान बचाओ समिति के अध्यक्ष चंचल नांदल ने वीरवार को पत्रकार वार्ता की। इस दौरान चंचल नांदल ने कहा कि तीन-चार दिन पहले जाट शिक्षण संस्था के कामों के मुद्दे को उठाया था। कार्यकारिणी को जो काम करने चाहिए थे, वे शून्य हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि 2024 जून में मैनेजमेंट बनी थी। कार्यकारिणी ने गलत तरीके से एक ट्रैक्टर खरीदा, जिसकी कोई जरूरत नहीं थी। वहीं कार्यकारिणी पदाधिकारी ने अपने नजदीकी को इस ट्रैक्टर पर ड्राइवर लगाया, जिसे 20 हजार रुपये दे दिए। अभी तक के जो प्रधान रहे हैं, उन्होंने भाई-भतीजे नौकरी लगाए। लेकिन हाल के प्रधान ने संस्था में अपने पोते को ही नौकरी लगा दिया। चंचल नांदल ने कहा कि सीआर पॉलेटेक्निक में पीएफ का घोटाला हुआ था। डायरेक्टर टेक्निकल एजुकेशन ने उस घोटाले में पूर्व प्रिंसिपल पर पर 6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था, प्रधान ने उनसे 2 लाख रुपये लेकर मामले को रफा-दफा कर दिया। उन्होंने कहा कि अखाड़ा हत्याकांड हुआ था, उसके बाद बाहर यूपी-बिहार के युवाओं से 6 हजार रुपये प्रतिमाह लेने की बात सामने आई तो आरटीआई लगाई। एक साल हो गया और सीएम विंडो की शिकायत गायब है। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब संस्था का चुनाव होता है तो 11 सदस्यीय कमेटी बनी थी। लेकिन विरोधी ग्रुप ने केस डाला, बाद में उस मामले में समझौता हो गया। उस समझौते में भाजपा का एक नेता और जो विपक्ष का अपने आप को नेता मानता है उनके बीच में वर्तमान प्रधान के बीच सेटिंग हुई और उनके 4 आदमी कार्यकारिणी में ले लिए हैं।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा शिक्षण संस्थान बचाओ समिति के अध्यक्ष चंचल नांदल। फोटो : हरिभूमि

## शिव शक्ति साहित्य सदन में कवि गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिव शक्ति साहित्य सदन में बुधवार को एक साहित्यिक चर्चा व कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्यिक चर्चा की शुरुआत शिव शक्ति साहित्य सदन की संस्थापक अर्चना कोचर द्वारा अतिथियों के स्वागत एवं अभिनंदन के साथ हुई। इस कार्यक्रम में जहां साहित्य के विभिन्न पहलुओं की चर्चा-परिचर्चा की गई, वहीं हरियाणवी भाषा एवं साहित्य के संरक्षण व संवर्धन पर गहन विचार-विमर्श किया गया। इस

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही कृष्ण लाल गिरधर जी के मंच संचालन में आयोजित काव्य गोष्ठी, जिसमें विभिन्न रचनाकारों ने समाज, आत्मबल और समसामयिक मुद्दों पर अपनी सशक्त कविताएँ प्रस्तुत की। कृष्ण कुमार गिरधर की कविता धरती कहे पुकार के, अंजू कपूर गांधी जी की सामाजिक विडंबनाओं पर - आपदा को आज खुद ही बुलाता आदमी, अर्चना कोचर - मैं अर्चना हूं, खुद से प्यार करने लगी हूं, प्रज्ञा गांधी की स्त्री सशक्तिकरण पर - जब सब कुछ खुद मैं कर सकती हूं व शंभू भद्रा की 21वीं सदी की स्त्री पर - मैं बेफिक्र, निडर, मैं वो सब बात कहूंगी, जिसे सुनने से तुम डरते हो, कविताओं ने समां बांधा। कार्यक्रम के अंत में अर्चना कोचर ने सभी अतिथियों, कवियों एवं साहित्य प्रेमियों का आभार व्यक्त किया तथा इस प्रकार के आयोजन भविष्य में निरंतर करते रहने की प्रतिबद्धता जताई।



**रोहतक।** अपनी कविता संग्रह भेंट करते कृष्ण कुमार। फोटो : हरिभूमि

## सीनियर सेकेंडरी कम्पार्टमेंट की एक दिवसीय परीक्षा आज

# परीक्षा को लेकर प्रशासन की तैयारियां पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) कम्पार्टमैंट की एक दिवसीय परीक्षा आज शुक्रवार से एवं सैकेंडरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट अंक सुधार व पूर्ण विषयों की परीक्षाएं 5 जुलाई से आरम्भ होकर 14 जुलाई, 2025 तक संचालित करवाई जाएंगी। इस परीक्षा हेतु प्रदेशभर में कुल 65 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। परीक्षा का समय दोपहर बाद 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा।

बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि सीनियर सैकेंडरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट की एक दिवसीय परीक्षा 4 जुलाई (शुक्रवार) को संचालित होगी। इस परीक्षा में 16 हजार 842 परीक्षार्थी प्रविष्ठ होंगे, जिनमें 10,403 छात्र तथा 6,439 छात्राएं शामिल हैं। इसी प्रकार सैकेंडरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट अंक सुधार पूर्ण विषयों की परीक्षाएं 05 जुलाई से 14 जुलाई, 2025 तक संचालित होंगी। इस परीक्षा में 10 हजार 794 परीक्षार्थी प्रविष्ठ होंगे, जिसमें 6,750 छात्र तथा 4,044 छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा के सफल संचालन एवं पवित्रता बनाए रखने के लिए शिक्षा बोर्ड ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। परीक्षाओं की शुचिता, विश्वसनीयता को बनाए रखने के लिए परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण समय के लिए निरीक्षण हेतु आब्जर्वर भी नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 27 प्रभावी उडऩदस्तों का गठन भी किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास परीक्षा के दौरान धारा-163 लागू रहेगी। परीक्षा वाले दिन शिक्षा बोर्ड द्वारा बनाए गए सभी परीक्षा केंद्र भवनों के आसपास 500 मीटर की परिधि तक फोटोस्टेट की दुकानें व कोचिंग सेंटर बंद रहेंगे।

परीक्षार्थी प्रवेश-पत्र पर दी गए दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए परीक्षा आरम्भ होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। परीक्षा के दौरान इलैक्ट्रोनिक सामान जैसे मोबाईल, कैलकुलेटर, पेजर एवं गैजेट आदि सामग्री का प्रयोग वर्जित है। किसी अन्य दूसरे के स्थान पर परीक्षा में प्रविष्ठ होना परीक्षा देना एक दण्डनीय अपराध है, यदि इस तरह का कोई परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर पाया जाता है तो उसके विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जाएगी।

**रंगीन प्रवेश-पत्र ए-4 साईज पेपर पर ही प्रिंट करें**

उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी अपना रंगीन प्रवेश-पत्र ए-4 साइज पेपर पर ही प्रिंट करें तथा वही रंगीन फोटो प्रवेश-पत्र पर चिपकाएं जो आवेदन फार्म भरते समय अपलोड किया गया था। प्रवेश-पत्र पर चिपकाया गया फोटो अपने संबंधित विद्यालय से सत्यापित भी करवाएं। बिना प्रवेश-पत्र के परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

**दिव्यांग परीक्षार्थी के लिए अलग से होगी सुविधा**

उन्होंने बताया कि यदि किसी दिव्यांग परीक्षार्थी को लेखक की सुविधा लेनी है तो ऐसे परीक्षार्थी बोर्ड कार्यालय व परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक दस्तावेज जमा करवाते हुए परीक्षा आरम्भ होने से पहले लेखक की अनुमति लेना सुनिश्चित करें। जिन परीक्षार्थियों को लेखक उपलब्ध करवाया गया है, उनके दस्तावेज संबंधित शाखाओं की मेल आई.डी. पर भिजवाना सुनिश्चित करें। प्रवेश-पत्र पर क्यू-आर कोड व विशेष सुरक्षा फिचर लगाए गए हैं। उडनदस्तें क्यू-आर कोड को स्कैन करके परीक्षार्थी की फोटो व विवरणों की जांच कर सकते हैं। जिससे फर्जी परीक्षार्थियों पर शिकंजा कसा जा सकेगा और परीक्षाओं के दौरान होने वाली किसी भी प्रकार की अनियमितताओं पर लगाम लगाई जा सकेगी।



## प्रजापति समाज ने नगर निगम अधिकारियों से दोबारा मुलाकात कर रखीं समस्याएं

**रोहतक।** प्रजापति समाज गांव बोहर के लोगों ने वीरवार को नगर निगम अधिकारियों से दोबारा मुलाकात कर समाज के लिए चौपाल व धर्मशाला निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग को दोहराया है। समाज के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों से अपील की कि उनके समाज को जल्द से जल्द स्थायी जगह उपलब्ध कराई जाए ताकि भविष्य में किसी सामाजिक कार्यक्रम के आयोजन में उन्हें कठिनाई का सामना न करना पड़े। समाजसेवी प्रजापति धर्मसिंह व समाज के लोगों का कहना है कि गांव बोहर में आज तक उनके समाज के लिए कोई भी चौपाल या धर्मशाला उपलब्ध नहीं है। इस कारण समाज के लोग किसी भी प्रकार के सामाजिक, धार्मिक अथवा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में असुविधा महसूस करते हैं। ऐसे आयोजन या तो खुले में करने पड़ते हैं या फिर किसी अन्य स्थान पर जाकर आयोजन करना पड़ता है, जो अत्यंत कठिन और खर्चीला होता है। समाज के लोगों ने नगर निगम से निवेदन किया है कि खसरा नंबर 389 की फिरनी व मुख्य सड़क से सटी जो निगम की खाली भूमि है, वह प्रजापति समाज के मोहल्ले के बिल्कुल समीप स्थित है। यदि यह भूमि समाज को आवंटित कर दी जाए, तो वहां एक उचित व सुव्यवस्थित चौपाल एवं धर्मशाला का निर्माण किया जा सकता है।

### रिवर्ट करने की बजाय रिजेक्ट या एक्सेप्ट करो

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद द्वारा इस समय प्रॉपर्टी आईडी को लेकर किए गए आवेदनों को डिसाइड करने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। कई आवेदन तो 2 से 3 साल पुराने हैं, लेकिन इन्हें एक्सेप्ट या रिजेक्ट करने की बजाय रिवर्ट करके पेंडिंग छोड़ दिया गया था। शहर की हजारों प्रॉपर्टी आईडी में खामियों को लेकर लोग अतीत में नाराजगी जता चुके हैं। इसे लेकर समय-समय पर स्पेशल कैंप लगाने के अलावा नगर परिषद ने विशेष अभियान भी चलाया है। अब हर वार्ड में कैंप लगाकर सत्यापन का काम किया जा रहा है।

**NOTICE**

I, Amit Kumar S/o Manphul Singh R/o Baliyana Distt. Rohtak (Haryana) declare that in matric certificate of my son (Shiv Kumar) no. 0335127 my name & my wife names are worngly entered as Amit & Geeta respectively, Whereas my correct name is Amit Kumar & my wife correct name is Geeta Arya for all purposes. I want to change my name & my wife name as Amit Kumar & Geeta Arya in my son's matric certificate, All concerned please note.

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

### साइबर क्राइम व सड़क सुरक्षा की दी जानकारी

**बहादुरगढ़।** सामुदायिक पुलिसिंग टीम की ओर से वीरवार को बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना व साइबर अपराध के संबंध में जागरूक किया गया। निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि सड़क पर अधिकांश दुर्घटनाएं नियमों की अनदेखी के कारण होती है। एक लापरवाह चालक खुद की जान को तो जोखिम में डालता ही है, दूसरों के लिए भी खतरा बन जाता है। इसलिए वाहन चलाते वक्त नियमों का पालन बेहद जरूरी है।

### दो माह में डीटीपी ने किए 50 से अधिक निर्माण ध्वस्त

**झज्जर।** वीरवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें अवैध कॉलोनियों के खिलाफ मई व जून महीने में की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी सूरत में पनपने ना दिया जाए और सूचना मिलते ही तुरंत एक्शन लेते हुए निर्माण ध्वस्त किया जाए।

### रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए गर्भवती महिलाओं को जिला मुख्यालय पर आने की आवश्यकता नहीं

# गर्भवतियों का 100 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करें सुनिश्चित

**गर्भवतियों का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करना संबंधित क्षेत्र की आशा वर्कर, एएनएम व आंगनबाड़ी वर्कर की है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने गर्भवती महिलाओं का 100 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त बृहस्पतिवार को जिला विकास भवन के सभागार में जिला टास्क फोर्स बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

नरेंद्र कुमार ने कहा कि रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए गर्भवती महिलाओं को जिला मुख्यालय पर आने की आवश्यकता नहीं है। रजिस्ट्रेशन की सुविधा नजदीकी सब सेंटर पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करना संबंधित क्षेत्र की आशा वर्कर, एएनएम व आंगनबाड़ी वर्कर की है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी क्षेत्र में गर्भवती महिला का रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, तो उसके लिए संबंधित एएनएम, आशा वर्कर व आंगनवाड़ी वर्कर जिम्मेदार होगी। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने अवैध गर्भपात को लेकर भी कड़ी निगरानी करने के निर्देश दिए और कहा कि इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा तालमेल बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी क्षेत्र में अवैध गर्भपात की जानकारी मिलती है तो तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया जाए ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि 12 सप्ताह से अधिक समय के गर्भपात को लेकर संदेह उत्पन्न होता है, क्योंकि इस समय अवधि में भ्रूण लिंग की पहचान की जा सकती है। नरेंद्र कुमार ने ऐसी गर्भवती महिलाओं की सूची भी तैयार करने के निर्देश दिए जिसकी पहले एक या एक से अधिक लड़कियां हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी सुपरवाइजर उन सभी गांव का दौरा करें जहां पर लिंगानुपात कम है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन गांव का लिंगानुपात ज्यादा है उनकी पंचायत को सम्मानित किया जाए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि लड़कियों को प्रार्थना सभा के दौरान शपथ दिलाई जाए और इस विषय को लेकर जागरूकता भी फैलाई जाए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए भी लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाए।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह को रोकना हम सब की जिम्मेदारी है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंद्र कौर ने बताया कि घरेलू हिंसा में बाल विवाह रोकने के लिए लगातार कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में बाल विवाह के खिलाफ 9 शिकायतें प्राप्त की इनमें से 6 में बाल विवाह को रोक दिया गया।

इसी प्रकार वर्ष 2025-26 में अब तक चार शिकायतें प्राप्त हुई थी और सभी में बाल विवाह को रोक दिया गया। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं वन स्टॉप सेंटर के बारे में भी रिपोर्ट प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। उन्होंने प्ले स्कूल में स्थापित किए जाने वाले आरओ की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना स्कीम की भी समीक्षा की ओर आवश्यकता का निर्देश जारी किए।


**रोहतक।** जिला विकास भवन के सभागार में जिला टास्क फोर्स बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

**बैठक में ये रहे**

बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंद्र कौर, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, डिप्टी डीईओ राजबाला व मुन्नी देवी, बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप, निहारिका, मंजू, अनीता यादव आदि मौजूद रही।

## हर शिकायत का यथासंभव शीघ्र निपटारा करें अधिकारी


**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अधिकारी समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक की शिकायत का यथासंभव शीघ्र निपटारा करें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार एक छत के नीचे नागरिकों की हर शिकायत के निदान के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे प्राथमिकता के आधार समाधान शिविर की शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार व वीरवार को जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों का आयोजन प्रदेश सरकार की नई पहल के तहत जारी है ताकि हर नागरिक की प्रत्येक समस्या का सही निदान हो सकें। उन्होंने कहा सरकार द्वारा नियमित रूप से वर्चुअली समाधान शिविरों की निगरानी की जा रही है तथा सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को शिकायतों के निपटारे की समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपनी शिकायत या समस्या को केवल साधारण कागज पर लिखकर लाए, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा पूरी कार्रवाई की जाएगी। समाधान शिविर में कंप्यूटर से शिकायत को टाइप करवाकर लाना जरूरी नहीं है। नगराधीश अंकित कुमार ने समाधान शिविर के दौरान समाधान शिविर, जनसंवाद, सीएम विंडो एवं एसएमजीटी पोर्टल की लंबित शिकायतों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन शिकायतों के निपटारे के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि वित मंत्रालय भारत सरकार के वितीय सेवा प्रभाग द्वारा 16 जून को जारी निर्देश की अनुपालना के लिए वितीय समावेशन अभियान गत एक जुलाई से आगामी 30 सितम्बर 2025 तक बैंकों एवं पंचायत विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे है। इस अभियान के तहत जिला की प्रत्येक पंचायत में कैंप का आयोजन कर सभी पात्र ग्रामीणों के वित्तीय समावेशन के अंतर्गत चलाई जा रही सभी योजनाओं में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिसमें जन-धन खातें खोलना व निष्क्रिय खातों को दोबारा चालू करना, प्रधानमंत्री सुरक्षा एवं जीवन ज्योति बीमा योजनाओं व अटल पेंशन योजना का पंजीकरण संबंधित सेवाएं मौके पर ही प्रदान की जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी व भाजपा के प्रतिनिधियों में एडवोकेट अंकुश, सतीश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## नेशनल थ्रोबॉल में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वर्ल्ड थ्रोबॉल फैडरेशन तथा एशियन थ्रोबॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया से संबद्ध थ्रो बॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित टूरनामेंट में हरियाणा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टूरनामेंट का आयोजन शिरडी (महाराष्ट्र) में किया गया।' इस टीम में खिलाड़ी आशुतोष (इस्माईला) सिद्वार्थ (अटायल), हर्ष (दत्तौड़), लव (दत्तौड़) और वीरेन (दत्तौड़) ने भाग लिया। हरियाणा की टीम ने तेलगांना मध्यप्रदेश की टीमों को हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन सेमीफाइनल में दिल्ली की टीम से 2-1 से हार गए। ग्रीनलैण्ड पब्लिक स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विजेता खिलाडियों का सम्मान किया गया। निर्देशक अत्तर सिंह कौशिक ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई दी। सहनिर्देशिका संतोष कौशिक ने बच्चों को स्मृति चिह्न भेंट किए।



### अवैध कब्जे हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत स्थानीय किला रोड मार्केट से अवैध कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह द्वारा आगामी 17 जुलाई तक किला रोड मार्केट से अवैध कब्जे हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। जारी आदेश के तहत 6 जुलाई तक जिला राजस्व अधिकारी, 7 से 10 जुलाई तक जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, 11 से 14 जुलाई तक रोहतक के तहसीलदार व 15 से 17 जुलाई तक रोहतक के नायब तहसीलदार को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर किया जागरुक

- कुलपति व कुलसचिव ने विद्यार्थियों को प्रेरित कर परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वैकल्पिक उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एचएल वर्मा एवं कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग आज पूरे विश्व के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। हमें व्यक्तिगत और सामाजिक स्तर पर इसके प्रयोग को त्यागकर कपड़े, जूट एवं कागज से बने थैलों का प्रयोग आरंभ करना चाहिए। केवल जागरूकता ही नहीं, व्यवहार में भी बदलाव लाना समय की मांग है। प्रो. वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि समाज के प्रति दायित्वों को भी निभाने में अग्रणी भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे प्लास्टिक मुक्त परिसर के संकल्प को आत्मसात करें और अपने-अपने घरों, मोहल्लों तथा समाज में इस विषय पर जागरूकता फैलाएं। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्लास्टिक का विकल्प अपनाना कोई कठिन कार्य नहीं, केवल इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय पर्यावरण के प्रति सजग है और हम सब मिलकर इसे पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त बनाएंगे। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है, जो युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।




### छात्रा एस प्रियंका ने बॉक्सिंग में जीता गोल्ड

**रोहतक।** केवीएम स्कूल की छात्रा एस प्रियंका शक्ति ने 10 से 12 जून को तमिलनाडु में हुई तमिलनाडु स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप जूनियर गर्ल्स 2025 में 50-52 किलो वर्ग में गोल्ड प्राप्त किया और उसको रोहतक नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 की तरफ से 19 से 25 जून के दौरान पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया। प्रियंका शक्ति का नेशनल बॉक्सिंग में सिलेक्शन स्कूल के लिए एक बड़ी उपलब्धि हैं। प्रियंका शक्ति के स्कूल में आने पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर मीना कौशिक व कोच अजीत ने भव्य स्वागत किया तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।




## सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. देसराज को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाजशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. देसराज को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डीन फैकल्टी ऑफ सोशल साइंसेज प्रो. सेवा सिंह दहिया ने डॉ. देसराज को सम्मानित करते हुए उनके लंबे शिक्षण और शोध कार्यकाल की सराहना की। प्रो. दहिया ने कहा कि डॉ. देसराज ने समाजशास्त्र विभाग को शैक्षणिक ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके मार्गदर्शन में कई शोधार्थियों ने उल्लेखनीय कार्य किया है। इस अवसर पर इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो. जेएस धनखड़, भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार, अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार, लाइब्रेरी एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव काद्यान तथा राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. ममता रानी ने भी प्रो. देसराज को उनके बेहतरीन सेवा काल की बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. देसराज ने सम्मान के लिए सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और युवाओं से सामाजिक शोध के क्षेत्र में गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया।


**रोहतक।** डॉ. देसराज को स्मृति चिन्ह भेंट किया।


### नशा मुक्ति केंद्र का किया निरीक्षण


**रोहतक।** नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण करते सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने स्थानीय पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में कार्यरत नशा मुक्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा नशा मुक्ति केंद्र में उपचाराधीन मरीजों से मुलाकात की। सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने उपस्थित मरीजों व डॉक्टरों से कहा कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन के रूप में जिला में एक समिति का गठन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य नशा मुक्त भारत बनाना है। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र में उपचाराधीन मरीजों का आह्वान किया कि वे हर प्रकार के नशे को छोडक़र अपनी जिंदगी को संवारे।

### सांगवान स्कूल के छात्र आयुष सांगवान ने शूटिंग प्रतियोगिता में रचा कीर्तिमान

**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के आठवीं कक्षा के होनहार छात्र आयुष सांगवान ने दिल्ली में आयोजित प्री-राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि और भी उल्लेखनीय इसलिए है क्योंकि विद्यालय में शूटिंग रेंज हॉल का उद्घाटन पिछले वर्ष ही हुआ था। इस गौरवपूर्ण क्षण पर विद्यालय प्रबंधक राजेश सांगवान ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि कड़ी मेहनत, समर्पण, सही मार्गदर्शन और सुविधा मिलने पर बच्चे किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ शूटिंग कोच को भी बधाई और विगत भविष्य में होने वाली प्रतिस्पर्धाओं के लिए शुभ आशीष दी।


**रोहतक।** छात्र आयुष सांगवान

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### सरकार के आदेशों को नहीं मान रहे विभागाध्यक्ष

# नियमित कर्मचारी ही करेंगे वित्तीय ड्यूटी

- सरकार को दूसरी बार जारी करने पड़े हैं निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विभिन्न विभाग प्रमुखों को लिखे पत्र में सरकार ने कहा है कि संवेदनशील और वित्तीय व्यवहार वाले पदों का प्रभार केवल नियमित कर्मचारियों को ही सौंपा जाए। मानव संसाधन और लेखा का कार्य सभी विभागों/संगठनों का मुख्य महत्वपूर्ण कार्य है।

यह देखा गया है कि कुछ विभागों में ये कार्य अभी भी संविदा आधार पर तैनात व्यक्तियों द्वारा करवाया जा रहा है, जोकि 13 अगस्त 2021 को पहले से जारी सरकारी निर्देशों के विपरीत है। विश्वविद्यालयों सहित सभी विभागों/बोर्डों/निगमों आदि को सूचित किया जाता है कि मानव संसाधन और लेखा से संबंधित फाइलें संवेदनशील कार्य हैं। और इनके प्रशासनिक और वित्तीय आयाम बहुत बड़े हैं। इसलिए मानव संसाधन और लेखा से संबंधित शाखाओं/विभागों/ ब्रांच का संचालन संविदा कर्मचारियों के माध्यम से नहीं किया जाएगा। ये कार्य केवल नियमित आधार पर कार्यरत ग्रुप ए, बी, सी और समकक्ष कर्मचारियों को ही दिए जाएं।

तकरीबन चार साल से हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत प्रदेश में लगभग सवा लाख कर्मचारी/अधिकारी विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। इससे पहले ये विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सरकारी विभागों में नौकरी करते थे। कुल मिलाकर हजारों कर्मचारियों ऐसे हैं, जिन्हें सरकार को अपनी सेवाएं देते हुए एक दशक से भी ज्यादा का समय हो चुका है। बावजूद इसके सरकार को इनकी सेवाओं पर भरोसा नहीं है। तभी तो गत 1 जुलाई को सरकार ने निर्णय किया कि इनसे वित्तीय काम न करवाए जाएं। इस बारे में सरकार ने बकायदा सभी अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। सरकार ने कहा है कि इन आदेशों का दृढ़ता से पालन किया जाए।वित्तीय लेनदेन में हद से ज्यादा चौकसी की जरूरत होती है। ऐसे में निगम कर्मी कोई गड़बड़ी करते हैं या फिर ड्यूटी में कोताही बरते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की जा सकती है। उनको नौकरी से हटाया जा सकता है। अगर उन्होंने वित्तीय धांधली की है तो सरकार उनसे पैसे की रिकवरी नहीं कर सकती है। क्योंकि एचकेआरएन कर्मचारियों का ऐसा कोई फंड नहीं होता है, जिसमें उनका पैसा सरकार के पास जमा होता। महीने के महीने तय वेतन दे दिया जाता है। पीएफ फंड तो होता है। लेकिन उसमें ज्यादा पैसा कर्मचारी जमा नहीं रखते। ऐसे में कोई वित्तीय धांधली कर्मियों द्वारा कर दी जाती है तो फिर रिकवरी नहीं हो पाएगी। इसी वजह से सरकार चार साल से विभागाध्यक्षों को कह रही है कि एचकेआरएन कर्मियों से वित्तीय और दूसरे संवेदनशील का काम न करवाएं। अगर कोई नियमित कर्मचारी आर्थिक अपराध करता है तो उसके सरकार के पास जमा पैसे से रिकवरी की जा सकती है।

**मान नहीं रहे विभागाध्यक्ष**

सूत्र बताते हैं कि वित्तीय और संवेदनशील काम एचकेआरएन कर्मचारियों से न करवाए जाएं, इस बारे में हरियाणा सरकार के मानव संसाधन विभाग ने विभागाध्यक्षों को दूसरी बार पत्र लिखा है। इससे पहले वर्ष 2021 में भी सरकार ने मुखियाओं को ऑर्डर जारी किए गए थे। ये आदेश ठीक उसी समय इश्यू किए गए थे, जब हरियाणा कौशल रोजगार निगम के आधीन ठेके के कर्मचारियों को किया जा रहा था। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 1054 और पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में 1300 कर्मचारी हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत नौकरी कर रहे हैं। इसके अलावा दूसरे विभागों में एचकेआरएन कर्मियों की संख्या काफी है।

### फैकल्टी और नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी गठित

**रोहतक।** मदवि के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विश्वविद्यालय में कार्यरत फैकल्टी मेंबर्स एवं नॉन-टीचिंग कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटियों का गठन किया है। इस निर्णय का उद्देश्य विश्वविद्यालय के कर्मचारियों की शिकायतों का शीघ्र और पारदर्शी ढंग से निपटारा करना है, जिससे कार्य वातावरण और अधिक सकारात्मक एवं सहयोगात्मक बन सके। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि फैकल्टी मेंबर्स के लिए पुनर्गठित की गई ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी में डीन, एकेडमिक अफेयर्स को कंवीनर बनाया गया है। प्रो. राजेश धनखड़, प्रो. एससी मलिक, प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ, प्रो. रणदीप राणा, प्रो. युद्धवीर सिंह तथा प्रो. रेणु आर्य इस कमेटी के सदस्य बनाए गए हैं। वहीं नॉन-टीचिंग स्टाफ के लिए गठित की गई ग्रीवांस रिड्रेसल कमेटी में लाइब्रेरियन डॉ. सतीश मलिक को कंवीनर बनाया गया है।